नारायणगढ़ में 3D वॉल पेंटिंग का कार्य प्रगति पर

नगर पालिका नारायणगढ़ द्वारा शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक और प्रभावशाली कदम उठाया गया है। वर्तमान में नगर क्षेत्र में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर 3D वॉल पेंटिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत शहर की प्रमुख दीवारों और सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक और 3D चित्रों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, और सामाजिक चेतना जैसे विषयों को दर्शाया जा रहा है। यह कार्य न केवल शहर को एक नया और रचनात्मक स्वरूप प्रदान कर रहा है, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है।

नगर पालिका नारायणगढ़ का प्रयास है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें इस मुहिम में सक्रिय भागीदार बनाया जाए।

3D वॉल पेंटिंग्स से न केवल नगर का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि यह स्थानीय निवासियो को एक नई दृष्टिकोण से शहर को देखने का अवसर भी प्रदान करेगा। नगर पालिका का मानना है कि इस प्रकार की कलात्मक पहल से नागरिकों में अपने शहर के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना और भी मजबूत होगी।

नगर पालिका सभी नागरिकों से अनुरोध करती है कि वे इस कार्य में सहयोग करें और दीवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहायता करें।

पंजाब केसरी
SUN,01 JUNE 2025
EDITION: AMBALA KESARI, PAGE NO. 4

नारायणगढ़ में 3डी वॉल पेंटिंग का कार्य प्रगति पर

नारायणगढ़, 31 मई (पंकेस): नगर पालिका नारायणगढ़ द्वारा शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक और प्रभावशाली कदम उठाया गया है। वर्तमान में नगर क्षेत्र में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर 3डी वॉल पेंटिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शहर की प्रमुख दीवारों और सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक और 3डी चित्रों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत और सामाजिक चेतना जैसे विषयों को दर्शाया जा रहा है। यह कार्य न केवल शहर को एक नया और रचनात्मक स्वरूप प्रदान कर रहा है, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है।

नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने बताया कि नगर पालिका नारायणगढ़ का प्रयास है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें इस मुहिम में सक्रिय भागीदार बनाया जाए। 3डी वॉल पेंटिंग्स से न केवल नगर का सौंदर्य बढ़ेगा, बल्कि यह स्थानीय निवासियो को एक नई दृष्टिकोण से शहर को देखने का अवसर भी प्रदान करेगा। नगर पालिका का मानना है कि इस प्रकार की कलात्मक पहल से नागरिकों में अपने शहर के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना और भी मजबूत होगी।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका सभी नागरिकों से अनुरोध करती है कि वे इस कार्य में सहयोग करें और दीवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहायता करें।

नगरपालिका द्वारा शहर की विभिन्न दीवारों पर किया गया 3डी वॉल पेंटिंग का कार्य।